लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2422

08 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

रुग्ण इस्पात इकाइयां

2422. श्री रेबती त्रीपुराः

श्री विजय कुमार दूबेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का निकट भविष्य में रुग्ण इस्पात इकाइयों की भूमि और अन्य परिसंपत्तियों को बेचने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो विशेषकर उत्तर-पूर्व और उत्तर प्रदेश में तत्संबंधित विस्तृत सूची क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(घ) क्या इस संबंध में अब तक सरकार द्वारा कोई दिशा-निर्देश जारी किए गए है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): इस्पात मंत्रालय के अधीन दो इस्पात विनिर्माता केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) हैं, नामतः भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। दोनों ही सीपीएसई रुग्ण सीपीएसई की श्रेणी में नहीं आते हैं।

(ख) से (घ): उपरोक्त (क) के मद्देनजर सवाल ही नहीं उठता।

****